Title : Regarding request to restore the services of Reoti Railway Station and Bankata Railway Station

श्री रमाशंकर राजभर **(सलेमपुर) :** माननीय सभापति महोदया जी, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र के रेवती और बनकटा रेलवे स्टेशनों की समस्याओं की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

सभापति महोदया जी लोक सभा क्षेत्र बलिया-छपरा रेलखंड के मध्य स्थित रेवती रेलवे स्टेशन को वर्ष 2023 से हाल्ट रेलवे स्टेशन घोषित किया गया है, जिसके बाद यह स्टेशन सुविधा विहीन हो गया है। छपरा-बलिया के बीच सुरेमनपुर व सहतवार रेलवे स्टेशन के बाद यह तीसरा सर्वाधिक आय देने वाला स्टेशन था। यहां छपरा-दुर्ग, सारनाथ एक्सप्रेस, बलिया - सियालदह एक्सप्रेस, छपरा- लखनऊ, उत्सर्ग एक्सप्रेस, छपरा - वाराणसी इंटरसिटी के अलावा चार-चार एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होने के बावजूद भी यहां अप-साइड का प्लेटफार्म नंबर एक समाप्त किए जाने से वृद्ध, विकलांग और महिलाओं को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कंप्यूटर के टिकट की जगह ठेका पर टिकट देने का काम दे दिया गया है। ट्रेनों का संचालन रेवती रेलवे स्टेशन की जगह सुरेमनपुर-सहतवार से किया जाता है।

सभापति महोदया जी, इसी प्रकार छपरा रेलखंड के बीच स्थित बनकटा रेलवे स्टेशन को भी हाल्ट स्टेशन बनाया जा रहा है, जिस कारण यहां भी यात्री सुविधाओं की घोर कमी है। वर्तमान में इस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो को तो ऊंचा कर दिया गया, जबकि प्लेटफार्म संख्या एक अब भी काफी नीचे है। साथ ही, पेयजल, शौचालय, यात्री विश्रामालय, कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र भी खोला जाना चाहिए। बनकटा में गाड़ी संख्या 15027 मौर्य एक्सप्रेस और 15203 बरौनी- लखनऊ एक्सप्रेस का ठहराव बनकटा रेलवे स्टेशन पर हमारे क्षेत्र की जनता मांग रही है। यहां पर गंगा और सरयू के बीच का दोआबा का रेलवे स्टेशन है। इसी स्टेशन से बलिया के लोग बिहार को टच करते हैं और बिहार के लोग यहां आते हैं। रेवती रेलवे स्टेशन बहुत पुराना है। वहां अस्पताल, डिग्री कॉलेज और थाना है। दोआबा के दो लाख लोग वहां जाते हैं और यही हाल बनकटा रेलवे स्टेशन का है। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि हमारे इलाके की जनता पर, सलेमपुर की जनता पर कृपा करें और इन दोनों रेलवे स्टेशन को पुन: बहाल करें। आपने बोलने का समय दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।